भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1760**

**02 जुलाई, 2019 को उत्तरार्थ**

**गन्ने के उत्पादन में गिरावट**

**1760. श्री कनकमल कटाराः**

**क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बतानेकी कृपा करेंगे किः**

(क) क्या यह सच है कि गत तीन वर्षों केदौरान गन्ने की प्रति एकड़ उपज में गिरावट देखीगई है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार औरसंघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) यदि हां, तो गन्ने की प्रति एकड़ उपज मेंगिरावट के लिए उत्तरदायी कारक क्या हैं;

(ग) क्या गन्ना किसान अब दालों, फूलों कीखेती जैसी अन्य कृषि कर रहे हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है औरइसके क्या कारण हैं; और

(ङ) सरकार द्वारा चीनी की कमी को पूराकरने और देश में गन्ने के उत्पादन को बढ़ाने केलिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री**

**(श्री नरेंद्र सिंह तोमर)**

(क) से (घ): देश में गन्ने की खेती के तहत सामान्य क्षेत्र (2013-14 से 2017-18 का औसत) 48.32 लाख हैक्टेयर है। 2015-16 के दौरान, गन्ने के तहत क्षेत्र सामान्य क्षेत्रीय कवरेज से ऊपर अनुमानित था। महाराष्ट्र में कम क्षेत्रीय कवरेज के कारण 2016-17 के दौरान गन्नेके तहत क्षेत्र घटकर44.36 लाख हैक्टेयर हो गया तथा उसके बाद 2017-18 के दौरान यह बढ़कर 47.37 लाख हैक्टेयर हो गया। 2018-19 के दौरान गन्ने के तहत क्षेत्रीय कवरेज और बढ़कर51.31 लाख हैक्टेयर (तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार) हो गया।

देश में गन्ने की सामान्य पैदावार (2013-14 से 2017-18 का औसत) 72388 कि.ग्रा./हैक्टैयर है। 2015-16 तथा 2016-17 के दौरान, गन्ने की पैदावार सामान्य पैदावार से कम अनुमानित थी। तथापि, 2017-18 के दौरान यह बढ़कर 80198 कि.ग्रा./हैक्टेयर हो गया तथा 2018-19 के दौरान यह78033 कि.ग्रा./हैक्टैयर(तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार) अनुमानित है जो सामान्य पैदावार की तुलना में बहुत अधिक है।

विगत तीन वर्षों एवं मौजूदा वर्ष अर्थात 2015-16 से 2018-19 (तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार) में गन्ने की फसल के तहत बुआई क्षेत्र तथा पैदावार के राज्य-वार ब्यौरे**अनुबंध-। एवं ।।** में दिए गए हैं।

गन्ने की खेती के तहत क्षेत्र किसानों की वरीयता, अन्य सक्षम फसलों की ओर क्षेत्र का अंतरण, कृषि जलवायु परिस्थितियों, अंतर फसल सापेक्ष लाभप्रदता, सिंचाई सुविधाओं, उपलब्ध संसाधनों तथा चीनी मालिकों द्वारा किसानों को गन्ने की बकाया राशि का समयानुकूल भुगतान पर निर्भर करता है।

(ड़.) देश में गन्ने का उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि करने के लिए, सरकार ने2014-15 से देश के 13 मुख्य गन्ना उत्पादक राज्यों-आंध्र प्रदेश, बिहार,गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, तेलंगाना, तमिलनाडु, उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन - वाणिज्यिक फसलों (एनएफएसएम-सीसी) के तहत गन्ना विकास कार्यक्रम को क्रियान्वित कर रही है।इस योजना के तहत किसानों को लाभ देने के उद्देश्य से फ्रंटलाइन प्रदर्शनों एवं प्रशिक्षण के माध्यम से प्रौद्योगिकी के अंतरण पर जोर दिया गया है। एनएफएसएम - सीसी गन्ना के तहत घटकों में गन्ने के साथ अंतर फसलीय एवं एकल बड चिप प्रौद्योगिकी पर प्रदर्शन, प्रजनक बीच उत्पादन के लिए सहायता, टिसू कल्चर प्लांटलेट/छोटे पौधों का उत्पादन/आपूर्ति, पौध संरक्षण रसायनों एवं जैव ऐजेंटों का वितरण आदि शामिल हैं।

केंद्र सरकार गन्ने की बुआई करने के लिए किसानों को प्रेरित करने हेतु बुआई मौसम से बहुत पहले गन्नें का उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) भी सुनिश्चित करती है। एफआरपी एक न्यूनतम बेंचमार्क मूल्य है जिससे नीचे चीनी मिल गन्ना उत्पादकों से गन्नें की खरीद नहीं कर सकते हैं।

राज्य स्तरीय संस्वीकृत समिति (एसएलसीसी) की मंजूरी से राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के तहत राज्य गन्ना विकास कार्यक्रम को भी सहायता प्रदान कर सकते हैं।

अनुबंध-I

**दिनांक 02.07.2019 को देय लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1760 के भाग (क) से (घ) के उत्तर के संबंध में उल्लिखित अनुबंध**

**2015-16 से 2018-19 के दौरान गन्ने का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार क्षेत्र**

| राज्य/संघराज्य क्षेत्र | क्षेत्र ('000 हैक्टेयर) | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **2015-16** | **2016-17** | **2017-18** | **2018-19*** |
| आंध्र प्रदेश | 122.00 | 103.00 | 99.00 | 102.00 |
| अरूणाचल प्रदेश | 1.95 | 1.76 | 1.79 | # |
| असम | 29.46 | 31.38 | 30.56 | 30.00 |
| बिहार | 244.02 | 239.57 | 233.77 | 227.01 |
| छत्तीसगढ़ | 35.50 | 20.80 | 24.10 | 32.75 |
| गुजरात | 157.00 | 169.00 | 182.00 | 175.25 |
| गोवा | 0.00 | 0.90 | 0.00 | # |
| हरियाणा | 93.00 | 102.00 | 114.00 | 94.20 |
| हिमाचल प्रदेश | 1.94 | 1.73 | 1.87 | 1.87 |
| जम्मू औरकश्मीर | 0.19 | 0.00 | 0.00 | 0.51 |
| झारखंड | 10.20 | 7.40 | 8.21 | 7.90 |
| कर्नाटक | 450.00 | 397.00 | 370.30 | 506.10 |
| केरल | 1.36 | 1.06 | 1.05 | 1.00 |
| मध्य प्रदेश | 103.00 | 92.00 | 98.00 | 118.00 |
| महाराष्ट्र | 987.00 | 633.30 | 902.00 | 1163.00 |
| मणीपुर | 6.00 | 6.00 | 6.00 | # |
| मेघालय | 0.12 | 0.12 | 0.12 | # |
| मिजोरम | 1.54 | 1.59 | 1.56 | # |
| नागालैंड | 4.37 | 4.42 | 4.43 | # |
| ओडिशा | 8.96 | 5.49 | 3.71 | 6.05 |
| पंजाब | 90.00 | 88.00 | 96.00 | 98.00 |
| राजस्थान | 6.14 | 6.85 | 5.43 | 5.37 |
| तमिलनाडु | 252.27 | 218.26 | 171.86 | 170.04 |
| तेलंगाना | 35.00 | 29.00 | 35.00 | 40.00 |
| त्रिपुरा | 0.79 | 0.82 | 0.81 | # |
| उत्तर प्रदेश | 2169.00 | 2160.00 | 2234.00 | 2224.00 |
| उत्तराखंड | 96.85 | 93.00 | 90.00 | 91.00 |
| पश्चिम बंगाल | 17.40 | 21.00 | 19.16 | 18.00 |
| अंडमान एवंनिकोबार द्वीप समूह | 0.03 | 0.07 | 0.11 | # |
| चंडीगढ़ | एनए | एनए | 0.61 | # |
| दादर एवं नगरहवेली | 0.20 | 0.17 | 0.17 | # |
| पुदुचेरी | 1.82 | 0.00 | 1.45 | # |
| अन्य | एनए | एनए | एनए | 18.70 |
| **अखिल भारत** | **4927.12** | **4435.69** | **4737.06** | **5130.75** |

* तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसारएनए: उपलब्ध नहीं #: अन्यों में शामिल

**अनुबंध-II**

**दिनांक 02.07.2019 को देय लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1760 के भाग (क) से (घ) के उत्तर के संबंध में उल्लिखित अनुबंध**

**2015-16 से 2018-19 के दौरान गन्ने का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार पैदावार**

| राज्य/संघराज्य क्षेत्र | पैदावार (कि.ग्रा./हैक्टेयर) | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19* |
| आंध्र प्रदेश | 76664 | 76019 | 78683 | 77565 |
| अरूणाचल प्रदेश | 20900 | 21397 | 21406 | # |
| असम | 35245 | 38466 | 37402 | 37072 |
| बिहार | 51837 | 54415 | 59138 | 59138 |
| छत्तीसगढ़ | 1910 | 40769 | 48070 | 44340 |
| गुजरात | 70828 | 44841 | 66330 | 72858 |
| गोवा | 0 | 70710 | 0 | # |
| हरियाणा | 71957 | 80618 | 84499 | 80367 |
| हिमाचल प्रदेश | 19971 | 12170 | 19600 | 19605 |
| जम्मू औरकश्मीर | 1500 | 0 | 0 | 1800 |
| झारखंड | 69500 | 69315 | 70000 | 69521 |
| कर्नाटक | 84075 | 68962 | 84081 | 83000 |
| केरल | 101417 | 106425 | 109840 | 133310 |
| मध्य प्रदेश | 51272 | 51413 | 55408 | 58950 |
| महाराष्ट्र | 74650 | 82524 | 92000 | 79000 |
| मणिपुर | 58000 | 58000 | 58000 | # |
| मेघालय | 3043 | 3000 | 2983 | # |
| मिजोरम | 33249 | 31822 | 28763 | # |
| नागालैंड | 43524 | 43527 | 43510 | # |
| ओडिशा | 64415 | 62714 | 64704 | 63057 |
| पंजाब | 73411 | 81273 | 83580 | 80623 |
| राजस्थान | 86511 | 71294 | 70364 | 50867 |
| तमिलनाडु | 101059 | 86995 | 99814 | 106999 |
| तेलंगाना | 68714 | 71069 | 74413 | 70000 |
| त्रिपुरा | 51062 | 53650 | 52716 | # |
| उत्तर प्रदेश | 67029 | 64893 | 79245 | 79246 |
| उत्तराखंड | 60772 | 69645 | 69682 | 69553 |
| पश्चिम बंगाल | 119232 | 73815 | 75000 | 84700 |
| अंडमान एवंनिकोबार द्वीप समूह | 21171 | 12787 | 13969 | # |
| चंडीगढ़ | एनए | एनए | 0 | # |
| दादर एवं नगरहवेली | 8000 | 80000 | 80000 | # |
| पुदुचेरी | 117500 | 0 | 125000 | # |
| अन्य | एनए | एनए | एनए | 49368 |
| **अखिल भारत** | **70720** | **69001** | **80198** | **78033** |

* तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसारएनए: उपलब्ध नहीं #: अन्यों में शामिल

*****